Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Darbar Shri Chhatarsingh

an>

Title : Regarding pending ‘Maksi-Godhara Rail Project’ in Madhya Pradesh.

श्री छत्तर सिंह दरबार (धार) : सभापति महोदय, मैं मक्सी गोधरा रेलवे लाइन के बारे में चर्चा करने जा रहा हूं, जो एक ऐसे क्षेत्र में है, मक्सी से देवास, देवास से इन्दौर, इन्दौर से धार झाबुआ होकर गोधरा जाती है। धार और झाबुआ पूरा आदिवासी क्षेत्र है। आजादी के बाद से आज तक वहां के आदिवासियों ने रेलवे लाइन नहीं देखी, यह एक ि वडम्बना है। अभी हवा की बात चल रही थी, पर मेरे निर्वाचन क्षेत्र में रेलवे लाइन कहीं से भी टच नहीं करती। धार एक ऐतिहासिक राजा भोज की नगरी है। धार में मांडव में एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां हजारों की संख्या में विदेशी पर्यटक आते हैं। धार जिले में एक जैन तीर्थ मोहनखेड़ा है, जो अन्तर्राट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है, जहां हजारों दर्शनार्थी आते हैं। धार जिले में एशिया में पहले नम्बर का पीतमपुर औद्योगिक क्षेत्र मेरे संसदीय क्षेत्र में है, जहां 1000-1200 यूनिट्स एक साथ काम कर रही हैं। धार पूरा कृिा प्रधान क्षेत्र है। विडम्बना की बात है कि अभी तक धार संसदीय क्षेत्र में रेलवे लाइन लोगों ने देखी नहीं है। मक्सी गोधरी का कुछ आंशिक कार्य हुआ है, किन्तु धन के अभाव में अभी तक उसका काम केंचुए की गति से चल रहा है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए, आदिवासियों के हित को देखते हुए, किसानों के हित को देखते हुए, ऐतिहासिक दृटि से, धार्मिक दृटि से और 58 साल के बाद भी वहां रेलवे लाइन नहीं है, जो बननी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करूंगा कि किस से कम उस रेलवे लाइन को त्वरित गति से पूर्ण कराने के लिए एक हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करे और उसमें जो भी तकनीकी कमियां हैं, उन्हें पूर्ण करते हुए, आज भी वह क्षेत्र अंधकार में है, इसलिए वहां रेलवे लाइन की सुविधा शीघ्र प्रदान कराने का मेरा नम्र नि वेदन है।